| |
|---|
| दिनांक 04.05.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 04/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद अलीगढ़/थाना महुआखेड़ा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 51 हजार 400 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर बरामद**

दिनांक 04.05.2023 को थाना महुआखेड़ा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हवाई पट्टी के पास से अभियुक्त सुरेन्द्र उर्फ नेहना को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 51 हजार 400 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना महुआखेड़ा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुरेन्द्र उर्फ नेहना निवासी गांव पडियावली थाना मडराक जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1–चोरी के 51 हजार 400 रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर।

## जनपद भदोही/थाना औराई

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 09 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 03/04.05.2023 की रात्रि थाना औराई पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मिरजापुर–औराई मार्ग सहसेपुर खमरिया तिराहा के पास चेकिंग के दौरान

1–राकेश 2–संदीप कुमार 3–राजन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 09 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तों का वाहन चोरी का एक गिरोह है जो जनपद भदोही के विभिन्न थाना क्षेत्रो से वाहनो की चोरी कर उनके इंजन नम्बर, चेचिंस नम्बर का प्रतिरूपण कर बेच देते है।

इस सम्बन्ध में थाना औराई पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–राकेश निवासी दत्तीपुर थाना औराई जनपद भदोही।

2–संदीप कुमार निवासी दत्तीपुर थाना औराई जनपद भदोही।

3–राजन निवासी भरतपुर थाना औराई जनपद भदोही।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 09 मोटर साइकिल।

## <u>कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना मोदीनगर</u>

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध पिस्टल**
- **04 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 04.05.2023 को थाना मोदीनगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोदीनगर बस अड्डा के पास से अभियुक्त आदित्य को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध पिस्टल, 04 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मोदीनगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आदित्य निवासी काबा पट्टी थाना रमाला जनपद बागपत।

**बरामदगी**

1–01 अवैध पिस्टल।

2–04 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस।

———————